India Media Monitor

Economic Times (Hindi)

JK lakshmi cement ka munafa Rs 51 crore hua

Jan 29, 2020 | Delhi | Pg No.: 7 | Middle Left | Bureau | Sq Cm: 37 | AVE: 7274 | PR Value: 36370

जेके लक्ष्मी सीमेंट का मुनाफा ₹51 करोड़ हुआ

नई दिल्ली: जेके लक्ष्मी सीमेंट का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट तीसरी तिमाही में कई गुना बढ़कर 50.84 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। लागत में कटौती से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष 2018-19 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में उसे 3.22 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था। जेके लक्ष्मी सीमेंट ने शेयर बाजारों को बताया कि अक्टूबर-दिसंबर 2019 तिमाही के दौरान उसकी ऑपरेशन से होने वाली आमदनी 3.79 पर्सेंट बढ़कर 1,077.92 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले दिसंबर तिमाही में 1,038.46 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने बयान में कहा, 'तिमाही के दौरान कंपनी अपनी लॉजिस्टिक्स लागत को घटाने के साथ-साथ लागत को और कम करने के लिए प्रॉडक्ट मिक्स में सुधार करने में कामयाब रही है। इस दौरान, ईंधन के दाम भी कम हुए हैं।'